RAJASTHAN MAHILA TEACHERS TRAINING COLLEGE

(A Unit of RMV)

Accredited with 'B' Grade (Score 2.82) by NAAC

Recognized by-NCTE, Affiliated by MLSU

Gyan Marg, Near Gulab Bag, Udaipur-(Raj.)

Website-rmttc.com

email address-rmttc11@gmail.com

---

**Dr. Prabha Vajpeyee**
**Principal**
**No.RMTTC/2023-24/9054-66** **Dated:- 31-10-2023**

**To,**

**The IQAC Members**
**RMTTC, Udaipur**

Dear Sir/ Madam,

It is our honour and pleasure to invite you to the meeting of IQAC which will be held on 03-11-2023 at 11.00 AM in Seminar Room.

**Agenda of Meeting :-**

- Reading of previous meeting minutes
- Action taken of previous meeting
- Initiation of Value Added Courses
- Nomination of one community member for IQAC
- Infrastructure:- Construction of Smart Class, Plaster of Ground Floor Class Room
- Progress of work related to NAAC inspection
- Inter Collegiate T.T. Competition
- Review of proposed Annual Planning for the Session 2023-24
- Any other, with the permission of Chairperson

Yours Sincerely
**(Prabha Vajpeyee)**
Principal

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

**Copy to-**

1. Shri D.S. Shaktawat, President RMV
2. Shri Nitin Hingad, Secretary, RMV
3. Dr. Nirupama Sharma, Associate Professor, RMTTC, Udaipur
4. Dr. Shailja Bhardwaj, Associate Professor, RMTTC, Udaipur
5. Dr. Nirupama Jain, Assistant Professor, RMTTC, Udaipur
6. Dr. Vandana Sahu, Assistant Professor, RMTTC, Udaipur

o/c

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

7. Dr. Dimpi Sharma, Assistant Professor, RMTTC, Udaipur
8. Dr. A.B. Phatak, Eminent Educationist
9. Dr. Pratima Samar, Principal, The Vision Academy,Udaipur
10. Prof. D.P. Nagar, Eminent Educationist
11. Prof. Maheep Bhatnagar, Eminent Educationist
12. Dr. Ankur Kapoor Tuli, Assistant Professor, RMTTC, Udaipur
13. Dr. Charu Sanadhya, Assistant Professor, RMTTC, Udaipur
14. Dr. Damina Choudhary
15. Mrs. Chandrakala Laxmar
16. Office Copy

**(Prabha Vajpeyee)**
Principal

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

# राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर

## IQAC बैठक कार्यवृत

दिनांक :–03.11.2023

राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर की IQAC की बैठक दिनांक 03.11.2023 को प्रातः 11:00 बजे कक्ष संख्या–17 में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता प्रो. प्रभा वाजपेयी द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

1. श्रीमान् डी.एस. शक्तावत
2. श्रीमान् नितिन हिंगड
3. डॉ. ए.बी. फाटक
4. डॉ. निरूपमा शर्मा
5. डॉ. शैलजा भारद्वाज
6. डॉ. निरूपमा जैन
7. डॉ. अंकुर कपूर तुली
8. डॉ. चारू सनाढ्य
9. डॉ. वन्दना साहू
10. डॉ. डिम्पी शर्मा
11. डॉ. प्रतिमा सामर

अध्यक्ष महोदया डॉ. प्रभा वाजपेयी के स्वागत उदबोधन के पश्चात् बैठक में निम्नलिखित बिन्दुओं पर चर्चा की गई –

1. सर्व प्रथम आई.क्यू.ए.सी. की दिनांक 19.04.2023 की बैठक कार्यवृत डॉ. अंकुर कपूर तुली द्वारा प्रस्तुत किए गये। तत्पश्चात् उस मिटिंग के Action Taken को मय दस्तावेज डॉ. चारू सनाढ्य द्वारा प्रस्तुत किया गया।
2. गत सत्र के क्रम में ही इस सत्र में चलाए जाने वाले मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के लिए छात्राओं के Feedback के आधार पर तैयार किया गया प्रस्ताव प्राचार्य द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसका सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया एवं भविष्य में भी इस प्रकार के कार्यक्रम चलाये जाने की अनुशंसा की।
3. वर्तमान में NAAC द्वारा प्रकाशित IQAC Composition के अन्तर्गत एक सामुदायिक सदस्य को भी सम्मिलित किया गया है जिसके लिए बैठक में चर्चा की गई प्रो. फाटक

Scanned with CamScanner

द्वारा सुझाव दिया गया कि ऐसे सदस्य को सम्मिलित किया जाये जो सामुदायिक रूप से सक्रिय होने के साथ–साथ शिक्षा क्षेत्र में जानकारी रखता हो। तत्पश्चात् प्राचार्या द्वारा प्रो. एम.पी.शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया एवं इसी क्रम में छात्र प्रतिनिधि के रूप में ईशा जोशी का नाम प्रस्तावित किया गया. दोनों प्रस्तावों को सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।

4. इस सत्र में महाविद्यालय के भौतिक संसाधनों की समुन्नति के संदर्भ में स्मार्ट क्लास बनवाने एवं कुछ कक्षा कक्ष मरम्मत की आवश्यकता अनुभव की गई जिससे संबंधित प्रस्तावों को बैठक में रखा गया। इसी क्रम में प्रो. फाटक द्वारा ITEP कॉर्स के ध्यानान्तर्गत आवश्यकतानुसार भौतिक संसाधनों को विकसित किए जाने पर ध्यान केन्द्रित करने का सुझाव दिया गया।

5- डॉ. निरूपमा शर्मा द्वारा भविष्य में प्रस्तावित NAAC की तैयारियों की वस्तुस्थिति क्षेत्रवार प्रस्तुत की गई, जिसमें प्रो. फाटक, श्रीमान् देवेन्द्र सिंह शक्तावत एवं श्रीमान् नितिन हिंगड द्वारा निम्न सुझाव दिए गये :–

- SSR में प्रस्तुत करते समय महाविद्यालय की विशिष्ट कार्य प्रणाली को समावेशित किया जाए।
- शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को प्रभावी बनाने के लिए लर्निंग रिर्सोसेस विस्तारित करने का प्रयास किया जाए। जिसमें विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालय का अधिकतम उपयोग करने के उपाय एवं मेन्टर समूह में विषय आधारित चर्चाऐं भी कराई जाऐं।
- सुशासन (Good Governance) के संदर्भ में स्टॉफ वेलफेयर के लिए दी जाने वाली सुविधाओं पर प्रो. फाटक द्वारा प्रश्न किया गया, जिसकी जानकारी डॉ. निरूपमा शर्मा द्वारा दी गई।

6. अन्तर्महाविद्यालयी टेबल –टेनिस प्रतियोगिता के आयोजन हेतु समस्त IQAC सदस्यों ने स्वीकृति प्रदान की गई एवं Teaching Competition करवाये जाने का सुझाव प्राप्त हुआ।

7. NAAC Criterion-VII में Best Practice के रूप में जो भी दो श्रेष्ठ गतिविधियाँ ली जा रही है, उसमें Skill Development आधारित गतिविधियों को भी सम्मिलित किए जाने का सुझाव दिया गया।

8. प्राचार्या द्वारा सत्र 2023–24 की वार्षिक योजना बैठक में प्रस्तुत की गई। जिसके अवलोकन पश्चात् सुझाव दिया गया कि वार्षिक योजना की सत्रान्त पर स्टॉफ बैठक में समीक्षा को भी नियमित रूप से किया जाये।

Scanned with CamScanner

9. बैठक में सम्मिलित पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अतिरिक्त अध्यक्ष एवं वरिष्ठ सदस्यों की अनुमति से दो नये एजेण्डे प्रस्तुत किये गये। जिनमें –

- नवनियुक्त प्राध्यापकों के लिए अभिमुखीकरण कार्यक्रम की रूपरेखा का प्रस्ताव रखा गया। प्रो. फाटक द्वारा सर्वप्रथम संस्था परिचय सम्मिलित किये जाने एवं महाविद्यालय की अपेक्षाओं को भी सम्मिलित करने का सुझाव दिया गया।
- चर्चा के दौरान सदस्यों के द्वारा सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय की विभिन्न नीतियों यथा उर्जा नीति, जल प्रबंधन नीति, कचरा प्रबंधन नीति, पर्यावरण नीति व शोध नीति के पुर्नसमीक्षा का बिन्दु रखा गया, जिसके मसौदे पर मंथन करते हुए सर्वसम्मति से नीतियों को यथावत रखने का निर्णय लिया गया।
- वर्तमान में कार्यरत Research & Development Cell के तहत शोध कार्यों को प्रगति देने के लिए एक Research Committee का गठन किए जाने का सुझाव प्राप्त हुआ जिसमें प्राचार्या जी की अध्यक्षता में संस्था की कार्य समिति के सदस्यों, शिक्षाविदों एवं वरिष्ठ अकादमिक सदस्यों को सम्मिलित किया जाए।

10. एलुमिनी सदस्य डॉ. प्रतिमा सामर द्वारा सुझाव दिया गया कि महाविद्यालय द्वारा शिक्षकों के लिए NCFS के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया जाए।

बैठक के अंत में IQAC समन्वयक डॉ. अंकुर कपूर तुली द्वारा उपस्थित सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया एवं बैठक का समापन हुआ ।

अध्यक्ष IQAC

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

# राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर

सत्र 2023–24

## Action taken report of IQAC meeting conducted on 03-11-2023

गत वर्ष की IQAC बैठक में लिए गए निर्णयों एवं सुझावों पर की गई कार्यवाही की रिपोर्ट निम्नलिखित अनुसार है :–

1. इस सत्र में चलाए गए मूल्य संवर्धित पाठ्यक्रम में मेहन्दी आर्ट व मेकअप आर्ट को सम्मिलित किया गया जिसके अन्तर्गत 71 छात्राओं ने मेहन्दी आर्ट 93 ने मेकअप आर्ट में भाग लिया।
2. IQAC बैठक निर्णयानुसार प्रो. एम.पी.शर्मा व छात्र सदस्य सुश्री ईशा जोशी हेतु कार्यालय आदेश क्रमशः जारी किए जा चुके है। शिक्षाविद् एवं छात्रा को सूचना संप्रेषित की जा चुकी है।
3. बैठक में स्वीकृत स्मार्ट क्लास निर्माण के प्रस्ताव के अनुसार स्मार्ट क्लास का निर्माण का कार्य पूर्ण हो गया है।
4. बैठक में ITEP हेतु भौतिक संसाधन विकास के क्रम में यद्यपि अन्य सुविधाएं तो उपलब्ध है किन्तु मापदण्ड के अनुसार भविष्य में प्रयोगशाला का निर्माण किया जाना शेष है।
5. बैठक में NAAC संबंधी सुझावों को प्रभारियों को संप्रेषित किया जा चुका है एवं AQAR के निर्माण में सुझावानुसार ध्यान दिया जा रहा है।
6. पुस्तकालय के अधिकतम उपयोग पर प्राप्त सुझाव के अनुसार पुस्तकालय प्रभारी द्वारा पुस्तकालय उपस्थिति रजिस्टर का संधारण किया जा रहा है जिसमें सत्र 2023–24 में छात्राओं की 2170 Visit एवं प्राध्यापकों की 126 Visit पुस्तकालय में दर्ज की गयी।
7. इसी सत्र में सुझावानुसार मेन्टर समूह में विषय आधारित चर्चाओं को भी सम्मिलित किया है। जिसमें मेन्टर द्वारा आवश्यकतानुसार शिक्षाशास्त्र (Pedagogy) विषयों में आने वाली समस्याओं के निराकरण हेतु विषयाध्यापक द्वारा छात्राओं को मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।
8. अन्तर्महाविद्यालय टेबल टेनिस प्रतियोगिता प्रभारी के प्रसूति अवकाश पर जाने के कारण आयोजित नहीं हो पाई है। इसी क्रम में Teaching Competition करवाये

Scanned with CamScanner

जाने के निर्णयानुसार दिनांक 13 मई 2024 को यह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ जिसमें प्रथम स्थान सुश्री धीरज कंवर रावल, द्वितीय स्थान सुश्री हिमानी आमेटा, तृतीय स्थान सुश्री जया लोहार ने प्राप्त किया।

9. NAAC में Best Practice के रूप में उस सत्र की दो श्रेष्ठ गतिविधियों को सम्मिलित किए जाने के निर्णयानुसार सत्र 2023–24 में SUPW एवं Mentorship का चयन किया गया एवं सत्र 2024–25 के लिए Mentorship व Alumni Association का चयन किया गया।

10. सुझावानुसार सत्रान्त में वार्षिक योजनाओं की समीक्षात्मक स्टॉफ काउंन्सिल की बैठक दिनांक 27–05–2024 को सम्पन्न हुई।

11. नव नियुक्त प्राध्यापकों के अभिमुखीकरण कार्यक्रम में प्राप्त सुझावानुसार संशोधन कर लिया गया है। इसी अनुरूप भविष्य में अभिमुखीकरण कार्यक्रम करवाया जायेगा।

12. गत बैठक में लिए निर्णयानुसार दिनांक 22.12.24 को प्रो.फाटक की अध्यक्षता में Research Committee का गठन किया गया।

13. चर्चा के दौरान महाविद्यालय की विभिन्न नीतियों यथा ऊर्जानीति, जल प्रबन्ध नीति, कचरा प्रबन्धन नीति, पर्यावरण नीति व शोध नीति के पुर्नसमीक्षा का बिन्दु रखा गया जिसके मसौदों पर मंथन करते हुए सर्वसम्मति से नीतियों को यथावत रखने का निर्णय लिया गया।

14. NCFS के संबंध में Sister Concern को मार्गदर्शन दिया जाए इस सुझाव की क्रियान्विती हेतु डॉ. सुरेश चतुर्वेदी, विषय विशेषज्ञ, S.I.E.R.T., Udaipur का द विजन एकेडमी के संस्था प्रधान से सम्पर्क करवा दिया गया है।

अध्यक्ष

**IQAC**

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

**RAJASTHAN MAHILA TEACHERS TRAINING COLLEGE**
(A Unit of RMV)
Accredited with 'B' Grade (Score 2.82) by NAAC
Recognized by-NCTE, Affiliated by MLSU
Gyan Marg, Near Gulab Bag, Udaipur-(Raj.)
Website-rmttc.com
email address-rmttc11@gmail.com

**Dr. Prabha Vajpeyee** **Dated:-25-06-2024**
**Principal**
**No.RMTTC/2023-24/1200-1214**

**Respected IQAC Members.**

Dear Sir/ Madam,

It is our honour and pleasure to invite you to the meeting of IQAC which will be held on 27-06-2024 at 11.00 AM in Seminar Room.

**Agenda of Meeting :-**

1. Reading of Previous Meeting Minutes.
2. Action Taken of Previous meeting minutes.
3. Review of implementation of Annual Plan 2023-24
4. Recommendation regarding semesterisation for two year B.Ed. Curriculum.
5. Guidance on applying for ITEP and NAAC either through RMTTC or RMV Girls.
6. Any other with the permission of Chair

Yours Sincerely

**(Prabha Vajpeyee)**
Principal

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

**Copy to-**

1. Shri D.S. Shaktawat, President RMV
2. Shri Nitin Hingad, Secretary, RMV
3. Dr. A.B. Phatak, Member of Management
4. Prof. D.P. Nagar, Stake Holders
5. Prof. Maheep Bhatnagar, Stake Holders
6. Prof. M.P. Sharma, Local Society / Trust Member
7. Dr. Pratima Samar, Principal, Alumni Member
8. Dr. Nirupama Sharma, NAAC Co-Ordinator
9. Dr. Nirupama Jain, NAAC Co-Ordinator
10. Dr. Shailja Bhardwaj, Member
11. Ms. Ankur Kapoor Tuli, Co-Ordinator of IQAC
12. Dr. Charu Sanadhya, Co-Ordinator of IQAC
13. Dr. Vandana Sahu, Member
14. Dr. Dimpi Sharma, Member
15. Ms. Isha Joshi, Student Representative
16. Office Copy

**(Prabha Vajpeyee)**

o/c

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

Date:-27-06-2024

# IQAC बैठक कार्यवृत्त

राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर की IQAC बैठक दिनांक 27.06.2024 को प्रातः 11.00 बजे कक्ष संख्या 17 में हुई। इस बैठक की अध्यक्षता संस्था प्रधान प्रो. प्रभा वाजपेयी द्वारा की गई। बैठक में निम्नलिखित सदस्य उपस्थित रहे –

1. श्रीमान् डी.एस. शक्तावत
2. डॉ. ए.बी. फाटक
3. प्रो. मोहन प्रकाश शर्मा
4. प्रो. दिव्यप्रभा नागर
5. डॉ. निरूपमा शर्मा
6. डॉ. निरूपमा जैन
7. डॉ. अंकुर कपूर तुली
8. डॉ. चारू सनाढ्य
9. डॉ. डिम्पी शर्मा
10. श्री सतीश सहाय खेड़कर
11. ईशा जोशी

अध्यक्ष महोदया के स्वागत उदबोधन के पश्चात् प्रस्तुत किये गये एजेण्डा पर चर्चा की गई एवं सुझाव प्राप्त हुए –

1. सर्वप्रथम दिनांक 3.11.2023 की IQAC बैठक कार्यवृत्त डॉ. अंकुर कपूर तुली द्वारा प्रस्तुत किए गये।

2. डॉ. चारू सनाढ्य द्वारा गत बैठक का Action taken का ब्यौरा प्रस्तुत किया गया एवं वार्षिक योजना 2023–24 की समीक्षात्मक चर्चा से निम्नलिखित सुझाव प्राप्त हुए –

   2.1 मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम में स्व अभिप्रेरणा एवं जीवन मूल्यों के विकास सम्बन्धित पाठ्यक्रमों को भी शामिल किए जाने का सुझाव प्रो. फाटक द्वारा प्राप्त हुआ।

Scanned with CamScanner

2.2 B.Ed. स्तर पर कराए गए Teaching Competition पर प्रो. एम.पी. शर्मा द्वारा सराहना की गई एवं प्रो. फाटक द्वारा सुझाव दिया कि इस प्रकार की गतिविधि अन्तर्विद्यालय स्तर पर भी अध्यापकों हेतु आयोजित की जानी चाहिए।

3. डॉ. अंकुर कपूर तुली द्वारा वार्षिक योजना 2023–24 का क्रियान्वयन, समीक्षा हेतु प्रस्तुत किया गया जिसका विवरण निम्नानुसार है –

3.1 वार्षिक योजना के शैक्षिक क्षेत्र के अन्तर्गत TLM कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के आयोजन की सभी के द्वारा प्रशंसा की गई तथा इसे छात्राओं की शैक्षिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण हिस्सा बताया।

3.2 प्रो. फाटक ने अनुसंधान प्रायोजना की वर्तमान वस्तुस्थिति के बारे में जानते हुए आगामी मीटिंग कर प्रोजेक्ट को गति प्रदान करने हेतु निर्देशित किया।

3.3 प्रो. दिव्य प्रभा नागर एवं प्रो. M.P. शर्मा द्वारा सुझाव दिया गया कि Capacity Enhancement Programme (FDP) के अन्तर्गत NEP 2020 पर एवं NCFSE (2023) की समझ विकसित करने हेतु महाविद्यालयी स्तर पर प्रयास किए जाएं।

3.4 वार्षिक योजना के सह शैक्षिक क्षेत्र के अन्तर्गत Open Air को पाठ्यक्रम का अहम् हिस्सा मानते हुए प्रो. फाटक ने इसे नियमित संचालित करने का सुझाव दिया एवं प्रो. M.P. शर्मा ने NEP के नये Components के अंतर्गत Indian Knowledge System में सम्मिलित मूल्य विकास को इस प्रकार की गतिविधियों में जोड़ने की सलाह दी।

3.5 एलूमिनी की वर्ष पर्यन्त होने वाली मीटिंग्स एवं अन्य गतिविधियों का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण करने का सुझाव प्राप्त हुआ। प्रो. फाटक से पूर्व छात्रा परिषद् की स्थापना वर्ष से दशक समूह में Meeting करवाए जाने का सुझाव भी प्राप्त हुआ जिसमें feedback भी लिया जाए।

4. वर्तमान में मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रमों को सेमेस्टर प्रणाली में परिवर्तित किया जा रहा है। इसी क्रम के निर्देशानुसार द्वि–वर्षीय बी.एड. एवं एम.एड. पाठ्यक्रमों में उपरोक्त व्यवस्था लागू करने के लिए अन्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के साथ Workshop आयोजित करवाई जानी चाहिए एवं प्राप्त सुझाव विश्वविद्यालयों को प्रेषित किए जाएं।

Scanned with CamScanner

5. NAAC निरीक्षण हेतु राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज से आवेदन किए जाने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया एवं इसका सप्लीमेंटरी बजट तैयार करने हेतु निर्देशित किया गया।

6. प्राचार्या जी ने पूर्व IQAC बैठक दिनांक 19.04.23 में दिए गए सुझाव के अनुसार इस सत्र में Nimbark Teachers Training College, Udaipur के साथ शिक्षण अधिगम क्षेत्र में Faculty Exchange Programme से संबंधित MOU हस्ताक्षरित किए जाए की जानकारी दी।

7. उक्त बिन्दुओं के पश्चात् प्रतिपुष्टि के संदर्भ में जानकारी देते हुए प्राचार्या जी द्वारा पृष्टपोषण कार्यप्रणाली को सशक्त करने हेतु वर्तमान सत्र में B.Ed. II Year में संचालित Skill based पाठ्यकम Art and Drama in education का Feed back भी तैयार करने की जानकारी IQAC के समक्ष रखी।

8. बैठक में सम्मिलित पूर्व निर्धारित एजेण्डा के अतिरिक्त अध्यक्ष महोदय एवं वरिष्ठ सदस्यों की अनुमति से IQAC संशोधित Composition के बारे में चर्चा करते हुए श्री सतीश सायखेडकर एवं श्रीमान् अंकित सिंघवी को IQAC में कमशः प्रशासनिक सदस्य एवं उद्योगपति के रूप में सम्मिलित किया गया। साथ ही आगामी सत्र से IQAC बैठक वर्ष में त्रैमासिक करवाए जाने का भी निर्णय लिया गया।

समस्त बिन्दुओं पर चर्चा के पश्चात् धन्यवाद ज्ञापन डॉ. चारू सनाढ्य द्वारा किया गया।

अध्यक्ष
IQAC

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner

# राजस्थान महिला टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, उदयपुर

## Action taken report of IQAC meeting conducted on 27-06-2024

1. मूल्य वर्धित पाठ्यक्रम के सन्दर्भ में सत्र 2024–25 हेतु निम्नलिखित पाठ्यक्रमों को संचालित किया जाना प्रस्तावित है :–
   - Spoken English
   - Tally
   - Sketching and fabric painting
2. गत वर्ष B.Ed. स्तर पर Teaching Competition का आयोजन किया गया, इसी क्रम में सुझावानुसार सत्र 2024–25 में अध्यापकों हेतु अन्तर्विद्यालयी Teaching Competition की कार्ययोजना का निर्माण कर लिया गया है, जिसे सत्र 2024–25 वार्षिक योजना में सम्मिलित कर लिया गया है।
3. महाविद्यालय अनुसंधान कार्यों के संबंध में दिनांक 2.9.2024 को रिसर्च कमेटी की मिटींग हुई जिसमें विभिन्न शोध क्षेत्रों पर चर्चा करते हुए पाँच शोध विषयों का चयन कर लिया गया। जिसमें से प्रत्येक पी.एचडी. पर्यवेक्षक को एक विषय का चयन करते हुए शोध कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
4. वर्तमान सत्र 2024–25 में अध्यापकों हेतु करवाए जाने वाले Capacity Enhancement Programme के तहत NEP 2020 विषय पर In house discussion हेतु निर्मित प्रस्ताव संलग्न है एवं NCFSE 2023 विषय पर आयोजित की जाने वाली सेमिनार की चर्चा रिसर्च कमेटी की बैठक दिनांक 02.09.2024 में की गई।
5. गत बैठक में प्राप्त सुझावानुसार भारतीय ज्ञान परम्परा (Indian Knowledge System) को ध्यान में रखते हुए वनशाला शिविर में निम्नलिखित गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी :–
   - योग एवं ध्यान का अभ्यास
   - प्राचीन धरोहरों (Heritage) से सम्बन्धित स्थानों का भ्रमण करवाना।
   - मौन वेला के माध्यम से आत्मविश्लेषण (Self Intro inspection) का अभ्यास करवाना।
   - अनुरंजनात्मक कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना।
6. Alumini के सन्दर्भ में प्राप्त सुझावों के अनुसार पूर्व छात्रा परिषद् कमेटी द्वारा प्रत्येक वर्ष का व्यवस्थित दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। पूर्व छात्रा परिषद् की दशक समूह में बैठक

Scanned with CamScanner

करवाए जाने के सुझाव की क्रियान्विति के अन्तर्गत Social Media Platform व face book के द्वारा पूर्व छात्राओं को जोड़ने का प्रयास प्रारंभ किया जा चुका है। पूर्व छात्रा परिषद् की गत बैठक में उपस्थित छात्राओं से प्रतिपुष्टि पत्र प्रपत्र भी भरवाए गए।

7. विश्वविद्यालय द्वारा संचालित B.Ed. व M.Ed. पाठ्यक्रमों के Semester System को वर्तमान समय में लागू नहीं किया जाना है अतः भविष्य में विश्वविद्यालय के अग्रिम निर्देश प्राप्त होने पर इस संबंध में अन्य शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों के साथ Workshop करवाई जाएगी।

8. NAAC निरीक्षण के संबंध में सुझावानुसार अतिरिक्त बजट तैयार कर लिया गया है जिसकी स्वीकृति केन्द्रीय कार्यालय से प्राप्त हो गई है।

9. IQAC Composition के विस्तार के तहत सत्र 2024–25 में श्रीमान् सतीश सहायखेडकर एवं श्रीमान् अंकित सिंघवीं को क्रमशः Administrative Officer व Industrialist के रूप में व्यक्तिशः सहमति के साथ सम्मिलित कर लिया गया है।

अध्यक्ष
IQAC

PRINCIPAL
R.M.T.T. COLLEGE
UDAIPUR

Scanned with CamScanner